**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 242**

**05 फरवरी, 2018 को उत्तर के लिए**

## इस्पात उत्पादन और निर्यात

**242. श्री आर.के. भारती मोहनः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान संयंत्र-वार भारत में सभी इस्पात संयंत्रों की कुल उत्पादन क्षमता, वास्तविक उत्पादन, खपत और दोनों लौह अयस्क का निर्यात तथा तैयार इस्पात की मात्रा कितनी है;

(ख) क्या देश में लौह और इस्पात की आपूर्ति में कोई कमी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस्पात उद्योग को और अधिक दक्ष और आत्मनिर्भर बनाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) बिक्री को अधिकतम करने के लिए नए बाजारों और ग्राहक सेवा के उच्च मानक प्रदान करने पर केन्द्रित हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)**

(क): विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान भारत में सभी इस्पात संयंत्रों में लौह अयस्क और फिनिश्ड इस्पात दोनों के संबंध में कुल उत्पादन क्षमता, वास्तविक उत्पादन, खपत और निर्यात के आंकड़े संयंत्र-वार क्रमशः **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में दिए गए हैं।

(ख) और (ग): जी नहीं। देश में घरेलू खपत को पूरा करने के लिए लौह अयस्क की पर्याप्त उपलब्धता है। सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योगों के लिए लौह अयस्क की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित कदम उठाए है:-

(i) माइन्स एण्ड मिनरल्स (डेवलेपमेंट एण्ड रेग्यूलेशन) एमेंडमेंट एक्ट, 2015 को अधिसूचित किया गया है, जिसमें खनन पट्टे प्रदान करने के लिए नीलामी तंत्र का प्रावधान है।

(ii) 58 प्रतिशत से अधिक लौहांश की मात्रा वाले लौह अयस्क लम्प/फाइन्स पर 30 प्रतिशत की दर से निर्यात शुल्क लगाया गया है।

(iii) घरेलू इस्पात क्षेत्र के दीर्घकालीन विकास को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 अधिसूचित की गई है।

(घ) और (ङ): जी हाँ। सेल और आरआईएनएल दोनों बाजार का विस्तार करने, बिक्री से राजस्व प्राप्ति को अधिकतम बनाने और ग्राहक संतुष्टी के मोर्चे इत्यादि पर जोर देते रहे हैं। सेल और आरआईएनएल द्वारा अपनी विद्यमान और नई मिलों में उत्पाद/ग्रेड के मिश्रण का विस्तार किये जाने के साथ ही दोनों कम्पनियों ने भारत और विदेशों में अपने बाजार का विस्तार किया है, जैसे कि सेल ने तेल एवं गैस, ड्रम एवं बैरल बाजार और घरेलू मोर्चे पर निर्माण क्षेत्र में प्रवेश किया है तथा विदेशी बाजारों में भी प्रवेश किया है, यथा - जिबूती में बिलेट के लिए, ताईवान में हॉट रोल्ड क्वायल के लिए, फिलीपींस में वायर रॉड क्वायल और बिलेट के लिए, थाईलैण्ड में ब्लूम के लिए, बांग्लादेश में कोल्ड रोल्ड क्वायल के लिए, जापान में वायर रॉड क्वायल के लिए तथा सिंगापुर में टीएमटी बार्स/क्वायल के लिए इत्यादि। इसी प्रकार, आरआईएनएल अपने डीलरों और ई-रिटेलरों समेत रिटेलरों के बड़े नेटवर्क के जरिये शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। विदेशों के संबंध में आरआईएनएल ने नए निर्यात बाजारों यथा- अमेरिका, फिलीपींस और श्रीलंका में प्रवेश किया है।

सेल और आरआईएनएल दोनों ने ग्राहकों की आवश्यकता के मुताबिक बुकिंग ऑर्डर समेत ग्राहक संतुष्टि के संबंध में विभिन्न पहल की है।

*****

**<u>अनुलग्नक –I</u>**

**(लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 242 दिनांक 05.02.2018)**

**I. लौह अयस्क:** विगत 3 वर्षों और अप्रैल से अक्टूबर, 2017 हेतु लौह-अयस्क के उत्पादन और निर्यात संबंधी वर्ष-वार आंकड़े नीचे तालिका में दर्शाये गए हैं:

| **विगत 3 वर्षों के दौरान लौह अयस्क का उत्पादन, आयात, निर्यात (मिलियन टन में)** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **मद** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17*** | **अप्रैल-अक्टूबर, 2017*** |
| उत्पादन | 128.91 | 155.59 | 192.18 | 108.39 |
| खपत | 113.48 | 122.10 | 131.38 | 141.37** |
| निर्यात | 7.30 | 5.32 | 30.49 | 12.59 |
| स्रोत-आयात और निर्यात: डीजीएफटी; उत्पादन: आईबीएम, नागपुर; *अनंतिम. **वर्ष 2017-18 के लिए (वर्ष हेतु प्रक्षेपण) (खान मंत्रालय का आईबीएम/वार्षिक रिपोर्ट) | | | | |

**अनुलग्नक –II**

**(लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 242 दिनांक 05.02.2018)**

**II. फिनिश्ड इस्पात:**

**(क) फिनिश्ड इस्पात का उत्पादन, खपत और निर्यात :**

| विगत तीन वर्षों के दौरान फिनिश्ड इस्पात का उत्पादन और निर्यात (मिलियन टन में) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **फिनिश्ड इस्पात** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** | **अप्रैल-दिसंबर, 2017*** |
| बिक्री हेतु उत्पादन | 92.16 | 90.98 | 101.81 | 79.05 |
| खपत | 76.99 | 81.52 | 84.04 | 64.87 |
| निर्यात | 5.59 | 4.08 | 8.24 | 7.61 |
| स्रोत- जेपीसी, इस्पात मंत्रालय की 2016-17 की वार्षिक रिपोर्ट *अनंतिम. | | | | |

**(ख) संयंत्रवार उत्पादन :**

| **फिनिश्ड इस्पात का बिक्री हेतु उत्पादन** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **(नॉन-अलॉय एवं अलॉय इस्पात) (हजार टन में)** | | | | | | |
| **संयंत्र** | | | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** | **अप्रैल-दिसंबर, 2017*** |
| **क** | **सार्वजनिक क्षेत्र** | | | | | |
| | | भिलाई इस्पात संयंत्र | 3321 | 3271 | 3134 | 2312 |
| | | दुर्गापुर इस्पात संयंत्र | 573 | 503 | 534 | 444 |
| | | राउरकेला इस्पात संयंत्र | 2110 | 2168 | 2461 | 2123 |
| | | बोकारो इस्पात संयंत्र | 3207 | 2472 | 3204 | 2620 |
| | | इस्को इस्पात संयंत्र | 120 | 436 | 856 | 724 |
| | | अलॉय इस्पात संयंत्र | 11 | 16 | 11 | 7 |
| | | सेलम इस्पात संयंत्र | 359 | 390 | 412 | 181 |
| | | विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट | 26 | 46 | 29 | 15 |
| | | सेल-कन्वर्जन एजेंट | 553 | 909 | 1006 | 588 |
| | | राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड | 2552 | 2766 | 3219 | 2796 |
| **कुल योग (क) :** | | | **12832** | **12977** | **14866** | **11810** |
| **ख** | **निजी क्षेत्र** | | | | | |
| | | टाटा स्टील लिमिटेड | 8967 | 9527 | 11115 | 9117 |
| | | ईएसएल+जेएसडब्ल्यूएल+जेएसपीएल | 25021 | 26023 | 31717 | 25071 |
| | | अन्य | 53862 | 54376 | 58213 | 40701 |
| घटाया - स्वयं की खपत | | | 8525 | 11923 | 14105 | 7650 |
| **कुल योग (ख) :** | | | **79325** | **78003** | **86940** | **67239** |
| बिक्री हेतु कुल उत्पादन (क+ख) | | | **92157** | **90980** | **101806** | **79049** |
| स्रोत ; जेपीसी *अप्रैल - दिसंबर (अनंतिम) | | | | | | |